# राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक राउंड-1 में बिहार

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में नीति आयोग के द्वारा जारी राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक राउंड-1 से संबंधित रिपोर्ट में बिहार को अचीवर्स की श्रेणी में शामिल किया गया है।

## प्रमुख बिंदु

- राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक में बिहार की रैंक 15वीं, जबकि स्कोर 38.3 है।
- यह सूचकांक 2019-20 के आँकड़ों के आधार पर नीति आयोग द्वारा तैयार किया गया है।
- गौरतलब है कि यह सूचकांक 6 मानकों- डिस्कॉम का प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता, पर्यावरणीय स्थिरता, स्वच्छ ऊर्जा पहल, नई पहल तथा पहुँच, वहनीयता एवं विश्वसनीयता के आधार पर जलवायु और ऊर्जा क्षेत्र में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा किये गए प्रयासों को ट्रैक करता है।
- विभिन्न मानकों के संदर्भ में बिहार का स्कोर निम्न प्रकार है-
    - डिस्कॉम का प्रदर्शन- 61.3
    - पहुँच, वहनीयता एवं विश्वसनीयता- 45
    - पर्यावरणीय स्थिरता- 33.7
    - ऊर्जा दक्षता- 22.8
    - स्वच्छ ऊर्जा पहल- 4.9
    - नई पहल- 7.6

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-included-in-the-state-energy-and-climate-index-round-1